## संपादकीय

# आर्थिक मोर्चाबंदी

बड़े जनादेश से बढ़ी जवाबदेही और आर्थिक मोर्चे पर उत्पन्न चुनौतियों से मुकाबले को मोदी सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। वैसे तो सरकार ने आठ कैबिनेट कमेटियों का गठन किया है, मगर आर्थिक मोर्चे पर तत्काल जूझने के मकसद से सरकार ने पहली बार दो महत्वपूर्ण मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन विशेष रूप से किया है। देश की विकास दर में गिरावट व निवेश में नरमी के अलावा साढ़े चार दशकों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी से उपजी चिंताओं के मद्देनजर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में निवेश एवं आर्थिक वृद्धि पर पांच सदस्यीय समिति बनायी गयी है। वहीं अपने घोषणा पत्र में किये गये वादों व रोजगार की प्राथमिकताओं के मद्देनजर दस सदस्यीय रोजगार एवं कौशल विकास समिति का भी गठन किया गया है। निवेश और विकास समिति में प्रधानमंत्री के अलावा गृहमंत्री अमित शाह, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं रेलवे मंत्री पीयूष गोयल तथा सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भी शामिल किया गया है। सरकार की प्राथमिकता है कि देश में निवेश को बढ़ावा मिले, मंदी के प्रभाव को कम किया जाये तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि की जाये। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में भी वर्ष 2025 तक देश को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही ढांचागत क्षेत्र में सौ लाख करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य निर्धारित किये हैं। सरकार को भी एहसास है कि देश नई किस्म की आर्थिक चुनौतियों से दो-चार है। सरकार ने पिछले दिनों स्वीकार भी किया कि देश में बेरोजगारी का स्तर पिछले 45 वर्षों में सर्वाधिक है। किसानों की समस्याएं भी अभी कम नहीं हुई हैं। उनकी दोगुनी आय करने का वादा मानसून के स्तर पर कमी रहने से पूरा करना आसान नहीं होगा। फिलहाल सूखे से प्रभावित इलाकों में किसानों की समस्याएं बढ़ने की आशंका है।

वहीं रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती को सरकार की आर्थिक नीतियों का विस्तार माना जा सकता है। फौरी तौर पर इससे होम व ऑटो लोन लेने वाले उपभोक्त ाओं को राहत मिलेगी। मगर इसके मूल में ब्याज दरों को कम करके उपभोक्त ाओं की क्रय शक्ति बढ़ाना दूरगामी लक्ष्य है ताकि लोगों की क्रय शक्ति बढ़े और इससे बाजार को गति मिले। आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में चौथाई फीसदी की कटौती तीसरी बार की गई है। वर्ष 2019-20 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीतिगत समीक्षा में रिजर्व बैंक का रुख लचीला हुआ है। देश के आर्थिक परिदृश्य व मानसून की अनिश्चितता के परिणामों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय बैंक ने जीडीपी की वृद्धि के पूर्वानुमान को 7.20 से घटाकर सात फीसदी किया है। आने वाले समय में खुदरा मुद्रास्फीति में वृद्धि की आशंकाओं के बीच मुद्रास्फीति का पूर्वानुमान अक्त ूबर से मार्च के लिये 3.4 से 3.7 फीसदी किया गया है जो इस बात का संकेत है कि निकट भविष्य में मानसून की अनिश्चितता, बेमौसमी तेजी, कच्चे तेल के दामों में उतार-चढ़ाव तथा राजकोषीय परिदृश्य के चलते खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।

# नोटबंदी, आधार से डिजिटल भुगतान को मिला प्रोत्साहनःआरबीआई



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नोटबंदी के बाद देश में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन मिला और आधार कार्ड से इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) किए जाने से इसमें काफी वृद्धि हुई। यह बात भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में कही गई है। भुगतानकर्ता और भुगतान प्राप्तकर्ता द्वारा डिजिटल मोड से धन भेजने या प्राप्त किए जाने से होने वाले हस्तांतरण को डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक भुगतान कहा जाता है।

आरबीआई की रिपोर्ट बेंचमार्कि ग इंडियाज पेमेंट सिस्टम्स में कहा गया है कि पिछले चार साल में भारत में खुदरा इलेक्ट्रॉनिक भुगतान में 50 फीसदी से ज्यादा का इजाफा हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) में जबरदस्त वृद्धि के कारण मुख्य रूप से 2018-19 में इसमें इजाफा हुआ है। केंद्रीय बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में स्मार्टफोन में आई क्रांति से डिजिटल भुगतान के विकल्पों में जबरदस्त वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, नोटबंदी के बाद ई-मनी में व्यापक पैमाने तेजी आई।

ई-मनी, यूपीआई, आधार पेमेंट्स ब्रिज सिस्टम (एपीबीएस), रुपे और भारत बिल पेमेंट सिस्टम (बीबीपीएस) व अन्य के इस्तेमाल ज्यादा होने से डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में बदलाव आया। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2017 में भारत में ई-मनी के जरिए 345.9 करोड़ हस्तांतरण हुए। इस मामले में भारत सिर्फ जापान और अमेरिका से पीछे रहा। हालांकि चीन का इस संबंध में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

अध्ययन में यह भी उजागर हुआ कि भारत में साल दर साल डेबिट और क्रेडिट कार्ड में भी काफी वृद्धि हुई। वर्ष 2012 के आखिर में देश में जहां 33.16 करोड़ डेबिट कार्ड और 195.5 लाख क्रेडिट कार्ड थे, वहीं ये दोनों 2017 के अंत में बढ़कर क्रमशः 86.17 करोड़ और 374.9 लाख हो गए। वहीं, 31 मार्च 2019 तक 92.5 करोड़ डेबिट कार्ड और 4.7 करोड़ क्रेडिट कार्ड जारी किए गए।

## विदेशी मुद्रा भंडार 13 महीने के उच्चतम स्तर पर



**मुंबई (आरएनएस)।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई को समाप्त सप्ताह में 1.87 अरब डॉलर बढ़कर 13 महीने के उच्चतम स्तर 421.86 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इससे पहले 24 मई को समाप्त सप्ताह में यह करीब दो अरब डॉलर बढ़कर 419.99 अरब डॉलर रहा था। पिछले वर्ष 20 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 423.58 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.94 अरब डॉलर बढ़कर 394.13 अरब डॉलर पर पहुँच गया। इस दौरान स्वर्ण भंडार 6.29 करोड़ डॉलर गिरकर 22.95 अरब डॉलर पर रहा।

## लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ी सोने-चाँदी की चमक



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं के दाम बढ़ने से घरेलू बाजार में भी इनके दाम लगातार दूसरे सप्ताह बढ़े हैं। सोना 500 रुपये की साप्ताहिक तेजी के साथ 33,620 रुपये प्रति दस ग्राम और चाँदी 770 रुपये की बढ़त में 38,350 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी।

लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, बीते सप्ताह सोना हाजिर 35.10 डॉलर यानी 2.69 प्रतिशत चमककर 1,340.45 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा भी 34.70 डॉलर की बढ़त में सप्ताहांत पर 1,344.90 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 18 और 19 जून को होने वाली बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। इससे निवेशकों का रुझान सोने में बढ़ा है और पीली धातु महँगी हुई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर भी गत सप्ताह 0.44 डॉलर यानी 2.94 प्रतिशत की बढ़त में 14.98 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गयी।

## मानसून की प्रगति, आर्थिक आंकड़ों से मिलेगी बाजार को दिशा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार में पिछले सप्ताह मानसून के पूर्वानुमान का असर देखने को मिला, जबकि इस कारोबारी सप्ताह के दौरान बाजार की नजर देश में मानसून की प्रगति पर होगी। साथ ही, देश-विदेश में इस सप्ताह जारी होने वाले प्रमुख आर्थिक आंकड़ों से भी बाजार को दिशा मिलेगी। इसके अलावा, डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव पर भी बाजार की नजर रहेगी।

मानसून ने एक सप्ताह विलंब से शनिवार को केरल तट पर दस्तक दिया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राज्य के तटवर्ती इलाकों में शनिवार सुबह से ही बारिश हो रही थी। आगे मानसून की प्रगति कैसी रहती है इस पर बाजार की नजर रहेगी। आमतौर पर मानसून भारत में एक जून को दस्तक देता है, लेकिन इस बार एक सप्ताह बाद मानसून आया है। देश में इस साल अप्रैल महीने मेंऔद्योगिक उत्पादन कैसा रहा, इसके आंकड़े सप्ताह के दौरान बुधवार को जारी हो सकते हैं। इसी दिन मई महीने के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई)आधारित महंगाई दर के आंकड़े जारी होने की संभावना है। इस साल अप्रैल में सीपीआई आधारित महंगाई दर मार्च के 2.86 फीसदी से बढ़कर 2.92 फीसदी हो गई थी।

## यूरोप में जेडटीई के 5जी फोन का आगाज जल्द




**शेनझेन (आरएनएस)।** चीन की फोन विनिर्माता कंपनी जेडटीई इस साल अपना पहला 5जी फोन एक्सॉन 10 प्रो 5जी यूरोप के बाजार में उतारने जा रही है। कंपनी तीन मोबाइल कैरियर कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है, जो जेडटीई का एक्सॉन 10 प्रो 5जी फोन ले जाएंगी। इन तीनों कंपनियों के नाम हैं - चाइना टेलीकॉम, चाइना मोबाइल और चाइना यूनिकॉर्न।

गिज्मा चाइना की शुक्रवार की रपट में इस बाबत जानकारी दी गई। इस स्मार्टफोन में ट्रिपल रियर कैमरे में 48एमपी एफ/1.7 प्राइमरी कैमरा, 20एमपी एफ/2.2 अल्ट्रा-वाइड एंगल लेंस और 8 एमपी एफ/2.4 टेलीफोटो लेंस है। फोन में सेल्फी के लिए 20एमपी फ्रंट कैमरा भी है। हैंडसेट में एक्स-50 5जी मॉडेम के साथ क्वालकॉम स्नैपड्रेगन 855 प्रोसेसर है।

## फ्रेंच ओपन : बार्टी ने जीता पहला ग्रैंड स्लैम खिताब

**पेरिस (आरएनएस)।** आस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी ने शनिवार को अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया। आठवीं सीड इस खिलाड़ी ने साल के दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन के महिला एकल वर्ग के फाइनल में चेक गणराज्य की मार्केता वोनड्रोउसोवा को सीधे सेटों में मात दे यह खिताब अपनी झोली में डाला। बार्टी ने वोनड्रोउसोवा को फिलिप चार्टर कोर्ट पर खेले गए फाइनल मुकाबले में 6-1, 6-3 से शिकस्त दी। बार्टी को अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए एक घंटे 10 मिनट का समय लगा। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पूरे मैच में हावी रहीं। पहले सेट में वह 4-0 से आगे थीं इसके बाद वोनड्रोउसोवा ने एक गेम जीत अपना खाता खोला। बार्टी ने हालांकि उन्हें दूसरा गेम जीतने नहीं दिया और लगातार दो गेम जीत पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी वोनड्रोउसोवा कुछ नहीं कर पाई।

## विश्व कप : न्यूजीलैंड की लगातार तीसरी जीत, अफगानिस्तान की तीसरी हार



**टानटन (इंग्लैंड) (आरएनएस)।** जेम्स नीशम (31-5) और लाकी फर्ग्यूसन (37-4)की कहर बरपाती गेंदों के बाद कप्तान केन विलियमसन (नाबाद 79) की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने यहां के कूपर एसोसिएट्स काउंटी ग्राउंड पर शनिवार को खेले गए आईसीसी विश्व कप के अपने तीसरे मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। विश्व कप के बीते संस्करण का फाइनल खेल चुकी कीवी टीम की यह लगातार तीसरी जीत है जबकि अफगानिस्तान को लगातार तीसरी हार मिली है। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड की टीम 6 अंकों और मजबूत नेट रन रेट के साथ 10 टीमों की तालिका में पहले स्थान पर मजबूती से विराजमान है।

टास जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को 42.1 ओवरों में 172 रनों पर ही ढेर कर दिया और फिर 32.1 ओवरों में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मार्टिन गुपटिल (0) इस मैच में खाता नहीं खोल सके लेकिन कोलिन मुनरो ने 22, रास टेलर ने 48 और टाम लाथम ने नाबाद 13 रन बनाए। विलियमसन की 99 गेंदों की पारी में नौ चौके शामिल हैं जबकि टेलर ने 52 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाया।

## आज का राशिफल

*मेषः-* आज मन की एकाग्रता में कमी आ सकती है। वाद-विवाद से बचें, क्रोध पर नियंत्रण रखें। धन निवेश अथवा स्थिर संपत्ति के बारे में विचार-विमर्श अवश्य करें।

*वृषभः-* व्यावहारिक कार्यों को निपटाने के लिए आज का दिन शुभ है। पराक्रम में वृद्धि होगी। नए मित्र भी बनेंगे, जिनकी मित्रता दीर्घकाल तक स्थायी रहेगी।

*मिथुनः-* व्यापारियों को व्यापार में वृद्धि होने के साथ-साथ सफलता और धन भी प्राप्त होगा। उच्च अधिकारियों की शुभदृष्टि से कार्य सफलता और लाभ मिलेगा। प्रमोशन का योग हैं।

*कर्कः-* दिन का आरंभ मानसिक सबलता एवं शांतिपूर्वक वातावरण से होगा। आर्थिक लाभ, सभी का सहयोग, कार्यों में सफलता आज अवश्य प्राप्त होगी।

*सिंहः-* आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। आचार-विचार पर संयम बरतने तथा अनैतिक कार्यों से दूर रहने की सलाह ग्रह-नक्षत्र दे रहे हैं।

*कन्याः-* सामाजिक दृष्टि से आज आपको यश-कीर्ति और मान-सम्मान प्राप्त होगा। आकस्मिक धन लाभ, नए कार्य शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण दिन है।

*तुलाः-* आज सभी कार्य आप दृढ मनोबल और आत्मविश्वास से पूर्ण कर सकेंगे। बाहरी क्षेत्रों में ख्याति मिलेगी। कार्य की व्यस्तता बनी रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

*वृश्चिकः-* भाग्य आज आपका साथ अवश्य देगा। ईश्वर भक्ति और आध्यात्मिक चिंतन आज आपके मन को शाति प्रदान करेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

*धनुः-* आज परिवार में प्रतिकूल वातावरण आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर न करें, इसका विशेष ध्यान रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं।

*मकरः-* आज जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा। मित्रों के साथ घूमने का कार्यक्रम बना सकते हैं।

*कुंभः-* आज आपका मन चिंता मुक्त होने से राहत महसूस करेंगे और आपके उत्साह में भी वृद्धि होगी। आर्थिक लाभ और सामाजिक मान प्रतिष्ठा के अधिकारी बनेंगे। वाणी पर संयम रखेंगे तो आज बहुत सी समस्याओं से बच जाएंगे।

*मीनः-* बुद्धि-विवेक से ही कार्य करें तभी सफलता मिलेगी। मन से नकारात्मक विचारों को निकाल देने की सूचना ग्रह-नक्षत्र दे रहे हैं। स्वजनों से वियोग का प्रसंग उपस्थित हो सकता है। परिजनों के साथ मतभेद ना हो, ध्यान रखें।

## राइस परांठा बनाने की विधि...



सुबह-सुबह चाय के साथ खाएं स्पाइसी राइस परांठा. स्पाइसी राइस परांठा स्वाद में बहुत टेस्टी होता है और हेल्दी होता है.

### सामग्री

250 ग्राम- चावल ( पका हुआ ), 2 टेबलस्पून- बटर, 2-2 टेबलस्पून - हरा धनिया ( बारीक कटा ), 1 टीस्पून - सौंफ, 6 टेबलस्पून - चीज ( कद्दूकस किया हुआ ), 2 - हरी मिर्च ( बारीक कटी हुई ), 400 ग्राम - आटा, 100 ग्राम - मैदा, 50 ग्राम - घी, पुदीना व करीपत्ता, सेंकने के लिए तेल, नमक - स्वादानुसार

### बनाने की विधि

1. सबसे पहले स्टफिंग बना ले इसके लिए पैन में बटर डाले जब यह पिघल जाएं फिर इसमें हरी मिर्च, सौंफ, हरा धनिया, पुदीना, करीपत्ता, चावल व नमक डालकर अच्छी तरह से मिला लें2. जब ये सभी सामग्री मिल जाएं तब इसे आंच से उतार लें.

3. फिर ठंडा होने पर इसमें चीज मिला लें.4. पराठे के लिए आटा, मैदा, घी और आवश्यकता अनुसार पानी मिलाकर गूंध लें.

5. अब इसका लोई लेकर इसमें स्टफिंग भरें और पराठे का आकर दें.

6. गरम तवे पर तेल लगाकर पराठे को क्रिस्पी होने तक सेंक लें.

7. अब पराठे को दही और हरी चटनी के साथ सर्व करें.


## शब्द सामर्थ्य- 90

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घूंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 89 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |

## सू-दोकू- 90

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 89 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |